# विकिरणों के दुष्प्रभाव से बचाव के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी : देवेन्द्र बिश्नोई

**बीकानेर,** (कासं)। संभाग के सबसे बड़े राजकीय डूंगर महाविद्यालय में हिरोशिमा दिवस के अवसर पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी सम्पन्न हुई।

प्राचार्य डॉ. जी. पी. सिंह ने बताया कि डूंगर कॉलेज के प्राणीशास्त्र विभाग एवं इंडियन सोसायटी फोर रेडिएशन बायोलॉजी के तत्वावधान में हिरोशिमा दिवस पर विकिरण के दुष्प्रभाव विषय पर यह संगोष्ठी आयोजित की गई। डॉ. सिंह ने अपने उद्बोधन में अपील की है कि विकिरण के दुष्प्रभाव हेतु मानव जाति स्वयं जिम्मेदार है। हमें विकिरण संसाधनों को सदुपयोग करना होगा।

मुख्य अतिथि भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र बिश्नोई ने अपने उद्बोधन में विकिरणों द्वारा उत्पन्न अत्यधिक तापमान से बचने के उपायों पर गहन अध्ययन की आवश्यकता जताई। बिश्नोई ने कहा कि निरंतर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से विकिरणों से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने कोरोना काल में सीटी स्कोर के महत्व पर ध्यानाकर्षण करते हुए सभी से अपील की है कि मानव सभ्यता को बचाये रखने के लिए विकिरण का सदुपयोग करना आवश्यक है। बिश्नोई ने मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग को घातक बताते हुए गहरी चिंता प्रकट की। विशिष्ट अतिथि डॉ. शंकर जाखड़ ने कहा कि अनावश्यक रूप से विकिरणों से शरीर को उपचारित नहीं करना चाहिये। कैंसर के इलाज हेतु कीमोथैरेपी की महत्ता बताते हुए उन्होंने कहा कि यदि उचित मात्रा में विकिरण डोज दी जाए तो उसका उतना नकारातात्मक प्रभाव नहीं होता है।

सहायक निदेशक डॉ. राकेश हर्ष ने औषधीय पादपों द्वारा कैंसर से बचाव विषयक व्याख्यान प्रस्तुत किया। आयोजन सचिव डॉ. अर्चना पुरोहित ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र बिश्नोई एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. शंकर लाल जाखड़ थे। डॉ. अर्चना ने बताया कि शनिवार को आयोजित संगोष्ठी में कुल आठ अतिथि व्याख्यान हुए जिसमें पीबीएम अस्पताल महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. सुदेश अग्रवाल, आचार्य तुलसी कैंसर अस्पताल के डॉ. अदियामन, डूंगर कॉलेज की डॉ. अनिला पुरोहित, डॉ. अरूणा चक्रवर्ती, डॉ. मनीषा अग्रवाल, डॉ. नरेन्द्र भोजक, डॉ. अनामि भार्गव एवं राजूवास के डॉ. प्रवीण बिश्नोई ने विकिरणों के दुष्प्रभाव एवं उनसे बचाव विषय पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये।प्राणीशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष एवं विकिरण सोसायटी के सचिव डॉ. राजेन्द्र पुरोहित ने बताया कि सोसायटी राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों के माध्यम से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विकिरण जागरूकता अभियान चलाती है। डॉ. पुरोहित ने जर्दा, गुटखा, बीड़ी सिगरेट के अत्यधिक सेवन से कैंसर रोग फैलने पर विस्तृत चर्चा की। डॉ. पुरोहित ने कहा कि विकिरण एक ओर अभिशाप है तो दूसरी ओर वरदान भी है। इसका सदुपयोग किया जाना चाहिये। कार्यक्रम में डॉ. इन्द्र सिंह राजपुरोहित, डॉ. नरेन्द्र नाथ, डॉ. दीप्ति श्रीवास्तव, डॉ. इन्द्रा बिश्नोई महाविद्यालयों के संकाय सदस्य मौजूद थे।



**डूंगर कॉलेज बीकानेर में आयोजित विकिरण विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी को एसीबी के एसपी देवेन्द्र बिश्नोई ने संबोधित किया।**

- **डॉ. शंकर जाखड़ ने कीमोथैरेपी की महत्ता बताते हुए कहा कि यदि उचित मात्रा में विकिरण डोज दी जाए तो उसका उतना नकारातात्मक प्रभाव नहीं होता है**
- **डूंगर कॉलेज में विकिरण विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित**

## मेडिकल कॉलेज के लिए प्राचार्य नियुक्त

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जंक्शन में श्रीगंगानगर-संगरिया बाइपास पर निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज को लेकर राजस्थान मेडिकल एजुकेशन सोसायटी जयपुर ने प्राचार्य नियुक्त कर दिया। कॉलेज प्राचार्य बीकानेर एसपी मेडिकल कॉलेज के सीनियर प्रो. (एनाटॉमी) डॉ. मोहनसिंह को लगाया गया है।

मेडिकल कॉलेज बिल्डिंग का निर्माण कार्य दिन-रात चल रहा है। नर्सिंग हॉस्टल की बिल्डिंग तैयार हो गई है जबकि बॉयज हॉस्टल में चौथी मंजिल एवं गर्ल्स हॉस्टल में सैकंड फ्लोर पर रूफ लेवल काम पूरा हो चुका है। जिले में यह पहली सरकारी बिल्डिंग होगी जिसमें 10 लिफ्ट लगाई जायेगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग के लक्ष्य के मुताबिक वर्ष 2023 में मेडिकल कॉलेज को 100 एमबीबीएस सीटों का बैच शुरू किया जाना है।

शनिवार को जयपुर में मेडिकल कॉलेज प्राचार्य और नोडल अधिकारियों की बैठक होगी। इसमें कॉलेज से संबंधित डॉक्यूमेंट जमा करवाए जायेंगे। वहं प्रोजेक्ट से संबंधित विषयों पर उच्चाधिकारियों से चर्चा के बाद आगामी प्रक्रिया शुरू की जायेगी। इसमें कॉलेज की सीटों का निर्धारण भी हो गया है। जिसमें पहले वर्ष 100 सीटों से कॉलेज शुरू किए जाना प्रस्तावित है। मेडिकल कॉलेज के मद्देनजर टाउन जिला अस्पताल में लेक्चर थिएटर बनाया जाना प्रस्तावित है।

## सार-समाचार

### विफा का डिजिटल अभियान आज से



**बीकानेर,** (कासं)। विप्र फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष भंवर पुरोहित ने बताया कि डिजिटल बीकानेर अभियान का शुभारंभ समाज के प्रबुद्धजनों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं वार्डों के स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा 7 अगस्त को प्रातः 10:30 बजे, आयुष पब्कि स्कूल, सब्जी मंडी स्थित गोदाम के पास होने जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण को सफल बनाने के लिए तैयारियो को अंतिम रूप दिया। विफा जिलाध्यक्ष नारायण पारीक ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुशीला कंवर महापौर नगर निगम बीकानेर, कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल, राजेन्द्र पंवार उप महापौर नगर निगम बीकानेर, ताराचन्द सारस्वत राष्ट्रीय संरक्षक, मधु आचार्य, राष्ट्रीय संरक्षक विफा, दीपक पारीक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, प्रभारी जोन 1बी., सीए. सुधीश शर्मा, सरोज देवी पार्षद वार्ड 01, माणक लाल पार्षद वार्ड -19, वीरेन्द्र करल पार्षद वार्ड -20, कविता देवी पार्षद वार्ड -21, भंवर पुरोहित, प्रदेश अध्यक्ष विफा, आशा पारीक प्रदेशाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, यशोदा पारीक, जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सहित समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहेंगे। विफा युवा प्रकोष्ठ प्रदेश संगठन महामंत्री दिनेश ओझा ने बताया कि डिजिटल बीकानेर अभियान के अंतर्गत 'सर्वजातीय प्रत्येक नागरिक का प्रत्येक डॉक्यूमेंट हो कम्प्लीट' इसी सेवाभाव के साथ प्रथम चरण में वार्ड नं.1,19, 20, 21 के स्थानीय निवासी जो इन सरकारी आवश्यक कागजातों से वंचित है उनकी सहभागिता निभाएंगे। अभियान को सफल बनाने के लिए महामंत्री भवानीशंकर जाजड़ा, जिला शहर युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष एडवोकेट त्रिलोक नारायण पुरोहित, युवा महामंत्री अरविंद व्यास,मजदूर नेता रामस्वरूप हर्ष,जगदीश शर्मा, उपाध्यक्ष कैलाश सारस्वत ने तैयारियों को अंतिम रूप देकर अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी।

### प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित




**बीकानेर,** (कासं)। स्तनपान सप्ताह जो कि हर वर्ष 1 जुलाई से 7 जुलाई के बीच मनाया जाता है। विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन शिशु रोग विभाग सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज बीकानेर एवं बीकानेर पीडियाट्रिक सोसायटी आईएपी बीकानेर ब्रांच द्वारा संयुक्त रूप से मनाया गया। इस कार्यक्रम में नर्सिंग छात्रों द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम रहे उषा द्वितीय चंचल और तृतीय पुरस्कार कमल कुमार को मिला। महिला नर्सिंग कर्मी द्वारा स्तनपान पर भाषण प्रतियोगिता में सुखजीत कौर प्रथम अनिता कुमारी को द्वितीय और कमला कुमारी को तृतीय पुरस्कार मि। रेजिडेंट डॉक्टर्स का नवाचार करते हुए एक्सटेंपोर प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विभिन्न प्रश्नों का सवाल जवाब प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें डॉ दिव्या महेश्वरी प्रथम, डॉ नवीन कुमार को द्वितीय और डॉ अमरु अबदुल्ला को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में डॉ पी. के. बेरवाल विभागाध्यक्ष शिशु रोग विभाग सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में डॉ रेनू अग्रवाल, डॉ कुलदीप सिंह बीठू, डॉ अनिल लाहोटी, डॉ ताराचंद सैनी, डॉ मदन गोपाल चौधरी, डॉ पवन डारा थे। कार्यक्रम में विभिन्न विजेताओं को डॉ मुकेश बेनीवाल ने पुरस्कार दिए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ अबरार पंवार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने विचार व्यक्त किए। डॉ राजेश गुप्ता आरसीएचओ एवं विभाग के विभिन्न रेजिडेंट चिकित्सक नर्सिंग कर्मियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन और विभिन्न प्रतियोगिताओं के नोडल अधिकारी डॉ सारिका स्वामी, प्रभारी नवजात शिशु चिकित्सा इकाई थी।

### लूट के खुलासे पर इनाम

**हनुमानगढ़,** (कासं) टाउन में गत वर्ष 15 मार्च को मणप्पुरम गोल्ड लोन फाइनेंस बैंक में लूट का त्वरित खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभाने पर पुलिस मुख्यालय ने 4 पुलिस कर्मियों को 11-11 हजार रुपए के नकद इनाम व प्रशंसा पत्र देने की घोषणा की है। इस संबंध में पुलिस महानिदेशक एम. एल. लाठर ने आदेश जारी कर एसपी को यह रिवार्ड राशि संबंधित पुलिस कर्मियों को जिला पुलिस के पुरस्कार मद से देने के निर्देश दिए हैं। इसमें हैड कांस्टेबल राजकुमार सिहाग, पुरूषोत्तम पचार, नरेश बिश्नोई एवं राकेश रमाणा को नकद इनाम व प्रशंसा पत्र प्रदान किया जायेगा। यहां बता दें कि तत्कालीन थानाप्रभारी लक्ष्मणसिंह राठौड़ के कार्यकाल में मणप्पुरम गोल्ड लोन बैंक के कार्यवाहक मैनेजर संजय सिंह शेखावत ने ही लूट की यह साजिश रची थी जिसमें पुलिस ने 4888 ग्राम सोना के जेवरात, एक अवैध पिस्तौल मय 6 कारतूस, एक एयरगन, बाइक व नकदी बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

# सिंगल यूज प्लास्टिक की एसयूपी एप पर होगी शिकायत दर्ज

**हनुमानगढ़,** (कासं)। सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी दीपक धनेतवाल की अध्यक्षता में वीसी का आयोजन किया गया। जिसमें नगरीय निकाय, पुलिस, रीको, राजस्व से जुड़े कार्मिकों को भारत सरकार की अधिसूचना 12 अगस्त की अनुपालना में 01जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगाये गए पूरी तरह से प्रतिबंधित को लेकर विस्तृत जानकारी दी।

क्षेत्रीय अधिकारी दीपक धनेतवाल ने बताया कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एसयूपी एप बनवाई गई है जिसमे आमजन के जरिए अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। दर्ज शिकायतों को स्थानीय निकाय द्वारा 7 दिन के अंदर कार्रवाई करना अनिवार्य होगा। कार्रवाई नहीं करने पर उक्त शिकायत राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल को हस्तांतरित हो जायेगी।

ये ऐप रियल टाइम बेसिस पर कार्य करेगी। इसमें शिकायत को ट्रैक भी किया जा सकेगा। आरओ ने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने की दिशा में राजस्थान सरकार द्वारा 20 जून से सभी सरकारी कार्यालयों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है। इसके अतिरिक्त सभी सरकारी विभागों में बॉटल्स का उपयोग भी प्रतिबंधित रहेगा। इसके अतिरिक्त राजस्थान में प्लास्टिक कैरी बैग पूरी तरह से प्रतिबंधित है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा जारी अनुमति पत्र की संख्या एवं कोड अंकित कंपोस्टेबल प्लास्टिक कैरी बैग ही अनुमत होंगे। उन्होंने बताया कि हनुमानगढ़ जिले में इसको प्रभावी बनाने के लिए जिला कलेक्टर द्वारा राजस्व विभाग,स्थानीय निकाय, पुलिस विभाग, प्रदूषण नियंत्रण मंडल की संयुक्त जांच दल का गठन किया जा रहा है जो कि पूरे जिले में औचक निरीक्षण करेंगे एवं दैनिक रिपोर्ट जिला कलेक्टर व राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल को निर्धारित प्रारूप में देना सुनिश्चित करेंगे।


**हनुमानगढ़ में प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी दीपक धनेतवाल ( बायें से पहले ) ने बैठक को संबोधित किया।**

## झोलाछाप से पशुओं का उपचार न करवाएं

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले में फैल रही लम्पी स्किन डिजीज की रोकथाम के लिए जिला कलेक्टर रुक्मणि रियार सियाग ने पशुपालकों से अपील की है कि इस रोग से पीड़ित पशुओं का उपचार झोलाछाप से ना करवाएं।

उन्होंने कहा है कि पशुपालन विभाग द्वारा जिले भर में लम्पी स्किन डिजीज की रोकथाम के लिए निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। पशुपालक अपने प्रभावित पशुओं का उपचार पशुपालन विभाग से करवाएं। विभाग द्वारा जिले भर में लम्पी स्किन डिजीज की रोकथाम के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा भी लम्पी स्किन डिजीज के संक्रमण को रोकने के लिए मॉनिटरिंग की जा रही है।

सभी उपखंड क्षेत्रों में नोडल अधिकारी बनाते हुए संक्रमित पशुओं को स्वस्थ पशुओं से दूर रखने और मृत पशुओं का निस्तारण करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष उप निदेशक कार्यालय बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय श्रीगंगानगर में स्थापित किया गया है।

# मंडल सभागार का ताला खोलने की मांग

- **व्यापार मण्डल समिति के दो गुट बने हुए हैं**

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के व्यापार मण्डल समिति संगरिया के सभागार का ताला खुलवाने की मांग को लेकर व्यापारियों ने विधायक गुरदीप शाहपीनी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

हनुमानगढ़ के व्यापार मण्डल समिति संगरिया के सभागार का ताला खुलवाने की मांग तेज होने लगी है। संगरिया विधायक गुरदीप शाहपीनी ने बताया कि संगरिया में व्यापार मण्डल समिति और फूडग्रेन व्यापार समिति नाम से दो संस्थाएं चल रही हैं। दोनों के अलग-अलग अध्यक्ष और कमेटियां हैं। संगरिया व्यापार मण्डल समिति कार्यालय में एक सभागार बना हुआ है। जो व्यापारियों सहित विभिन्न संगठनों के लिए सार्वजनिक तौर पर बैठक आदि करने के लिए काम में लिया जाता है। लेकिन पूर्व अध्यक्षों का व्यापार मण्डल समिति के कार्यालय पर कब्जा है।

उन्होंने कहा कि कार्यालय की चाबी मार्केट कमेटी सचिव को मिले ताकि दोनों संस्थाओं में से किसी को कार्यक्रम-बैठक करनी है तो मार्केट कमेटी सचिव को एक दिन पहले अवगत करवाकर चाबी ले सकें। विधायक ने बताया कि एफसीआई की ओर से की गई गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद के बाद दोनों संघों में विवाद बढ़ा है। आढ़त के चलते पिछले साल काफी विवाद हुआ था। इस कारण गेहूं का उठाव नहीं हो पाया था।

एफसीआई की ओर से काफी गड़बड़ी की गई। आढ़तियों की करीब सवा-डेढ़ करोड़ रुपये की आढ़त अभी भी बकाया है। उसके लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। संगरिया की फूडग्रेन व्यापार समिति के अध्यक्ष श्यामलाल सोमानी ने बताया कि पूर्व में संगरिया में व्यापार मण्डल नाम से एक संस्था थी। जब गेहूं का सीजन शुरू हुआ तो व्यापार मण्डल समिति अध्यक्ष ने व्यापारियों के साथ धोखाधड़ी की। तब व्यापारियों के दो संगठन बन गए। व्यापार मण्डल कार्यालय के साथ व्यापारियों ने अपने रुपयों से बैठक आदि के लिए हॉल का निर्माण करवाया।

# पालिका अफसरों के खिलाफ केस दर्ज

- **आवारा गोधों की टक्कर से रीढ़ की हड्डी और हाथ में फैक्चर, घायल वकील ने केस दर्ज कराया**

**हनुमानगढ़,** (कासं)। टाउन में आवारा गोधों की टक्कर से घायल होने के मामले में एक वकील ने नगर परिषद के जिम्मेवार प्रशासनिक अफसरों के खिलाफ शुक्रवार को केस दर्ज करवाया।

घटना गत 4 जून की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एडवोकेट महेन्द्र सिंह सिरकीवाला निवासी वार्ड 25 टाउन ने पुलिस को एफआईआर में बताया कि वह गत 4 जून की शाम 7 बजे अपने घर से सब्जी मंडी की तरफ जा रहा था तभी सुभाष चौक से थोड़ा आगे शिवप्रताप के मकान के पास 3-4 गोधे भागते हुए आए और उसमें एक ने सींग से टक्कर मारते हुए नीचे गिरा दिया। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने उसके पुत्रों को सूचित किया तो वह दोनों मौके पर पहुंचे और अस्पताल ले गए। उपचार के दौरान पता चला कि उसकी रीढ की हड्डी एल-1 व एक हाथ में फैक्चर आया है।

## सहजन के बारह सौ पौधे तैयार

**बीकानेर,** (कासं)। जिले में चल रहे शक्ति अभियान के 'एक पौधा सुपोषित बेटी के नाम' घटक के तहत महिला अधिकारिता विभाग की श्रीडूंगरगढ़ में कार्यरत महिला पर्यवेक्षक माया बिश्नोई ने अपने स्तर पर सहजन फली के बारह सौ पौधे तैयार करवाए हैं।

बिश्नोई ने बताया कि अभियान से प्रेरित होकर उन्होंने वन विभाग की नर्सरी को सहजन के बीज उपलब्ध करवाए तथा नर्सरी में इनका नियमित पर्यवेक्षण किया। उन्होंने साथिनों को भी इसके लिए प्रेरित किया। जिसकी बदौलत श्रीडूंगरगढ़ में सहजन फली के लगभग तीन हजार पौधे तैयार हो गए हैं। इन्हें नवजात बेटियों के परिजनों को भेंट किया जायेगा।

# द्वेषतापूर्ण काम कर रही है राज्य सरकार : रामलाल शर्मा

- **रामलाल ने कहा कि जो हकदार हैं उन्हें सम्मानित करने की जगह प्रताड़ित करने का काम कर रही है सरकार**

**हनुमानगढ़,** (कासं)। राज्य सरकार द्वेषतापूर्ण काम कर रही है। अधिकारियों की ओर से तुष्टिकरण की नीति अपनाई जा रही है। हकदार हैं उन्हें सम्मान और जो गुनहगार है उन्हें सजा नहीं मिल रही। ये बात भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और चौमूं विधायक रामलाल शर्मा ने हनुमानगढ़ आगमन पर जिला मुख्यालय स्थित भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित संगठनात्मक बैठक के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए कही।

रामलाल शर्मा ने कहा कि गुनाहगारों को सम्मानित करने का काम किया जा रहा है, जो हकदार हैं उन्हें सम्मानित करने की जगह प्रताड़ित करने का काम प्रदेश सरकार कर रही है। शर्मा ने कहा कि हनुमानगढ़ जिले में नहरों की समस्या प्रमुख समस्या है, लेकिन इस तरफ सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही। भाजपा के समय जो प्रोजेक्ट आए थे, जिनका शिलान्यास हो चुका था। आज वे अधूरे पड़े हैं। उनकी तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

रामलाल शर्मा ने कहा कि सरकार बार-बार कह रही है कि हम वेलफेयर की योजनाएं लेकर आए हैं, लेकिन सरकार की वेलफेयर की योजनाएं धरातल पर नजर नहीं आ रही। निर्माण श्रमिक व बेरोजगार युवाओं को भत्ता देने की योजना दम तोड़ चुकी है।

# बीटी कपास फसल में गुलाबी सुण्डी के नियंत्रण की जानकारी दी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले में बीटी कपास फसल में गुलाबी सुण्डी एवं रस चूसक कीटों का प्रकोप के मद्देनजर कृषि विभाग के राज्य स्तरीय अधिकारियों द्वारा सीमावृति क्षेत्र में बीटी कपास की फसल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण दल में डॉ. सुवालाल जाट, संयुक्त निदेशक कृषि (पौध संरक्षण) कृषि आयुक्तायल राजस्थान जयपुर, डॉ. जी.आर. मटोरिया, संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) खण्ड श्रीगंगानगर,डॉ. रूपसिंह मीना, सहायक प्राध्यापक (कीट विज्ञान), डॉ. प्रदीप सहायक प्राध्यापक (पौध व्याधि) कृषि अनुसंधान केन्द्र, श्रीगंगानगर महावीर प्रसाद छींपा, कृषि अधिकारी (पौ. सं), सहायक कृषि अधिकारी एवं कृषि पर्यवेक्षक कार्यालय सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) सादुलशहर, डॉ. रमेश चन्द्र बराला, सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) श्रीगंगानगर शामिल थे। निरीक्षण दल द्वारा पंजाब राज्य के सीमावृति क्षेत्र सादुलशहर तहसील के चक 13 केएसडी, 15 केएसडी, नुरपुरा, अलीपुरा, गदरखेड़ा, चमारखेड़ा, पतली, 29 केएसडी, चकबादल, बनवाली, गणेशेवाला, श्रीगंगानगर तहसील के क्षेत्र साधुवाली, 1 वाई, कालियां, खाटलबाना, फतूही, ओडकी, सुजावलपुर, कोठा, पक्की, खखां, हिन्दुमलकोट, कोनी, मदेरां, मोहनपुरा आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। डॉ. मटोरिया ने बताया कि निरीक्षण के दौरान बीटी कपास के खेतों में रस चूसने वाले कीटों में सफेद मक्खी, हरातेला, थ्रीप्स का प्रकोप देखा गया है। रस चूसक कीट मुख्यतया सफेद मक्खी का प्रकोप कोठा, पक्की, खखां, हिन्दुमलकोट क्षेत्रों में आर्थिक हानि स्तर तक पाया गया। साथ ही लीफकर्ल वायरस के भी लक्षण बीटी कपास में देखे गये। गुलाबी सुण्डी का प्रकोप नगण्य पाया गया।

निरीक्षण दल द्वारा कृषकों को बीटी कपास का नियमित रूप से बारीकी से निरीक्षण कर प्रभावी नियंत्रण करने की जानकारी दी गई। सफेद मक्खी कीट की पहचान कैसे कर सफेद मक्खी तेज उड़ने वाला, पीले शरीर और सफेद पंख का कीट है। छोटा एवं हल्का होने के कारण यह कीट हवा द्वारा आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर चला जाता है। इस कीट की प्रौढ़ मादा अपने जीवन काल में 100-125 अण्डे देती है।


**गंगानगर में बीटी कपास फसल में गुलाबी सुण्डी व कीडे के प्रकोप पर कृषि विभाग के निरीक्षण दल ने खेतों का निरीक्षण किया।**

- **बीटी कपास के खेतों में रस चूसने वाले कीटों में सफेद मक्खी, हरातेला, थ्रीप्स का प्रकोप देखा गया**

# रक्षा बंधन सनातन संस्कृति की अमूल्य धरोहर : बी. के. कमल

**बीकानेर,** (कासं)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्र सार्दुलगंज व सेवा केन्द्र रानीसर का शनिवार को रक्षा बंधन पर्व सप्ताह शुरू हुआ। सप्ताह 11 अगस्त तक चलेगा।

क्षेत्रीय केन्द्र में मुख्य कार्यक्रम 11 अगस्त को रक्षाबंधन दिवस पर होगा। सप्ताह के दौरान विभिन्न संस्थाओं, प्रतिष्ठानों में सेवारत व शिक्षारत बंधुओं के मुंह मीठा करवाकर राखी का पवित्र धागा बांधा जायेगा तथा शुभ संकल्प करवाया जायेगा।

सार्दुलगंज स्थित क्षेत्रीय केन्द्र प्रभारी बी. के. कमल ने शनिवार को मंगल भावना व संदेश के साथ रक्षाबंधन सप्ताह की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन का पर्व आदि सनातन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। रक्षा बंधन पर्व, मानव जीवन में दिव्य संस्कारों को उदित करता है। यह जीवन में उच्च संस्कार, प्रेम, एकता, सहयोग और भातत्व की भावना का संचार करता है। हमें रक्षाबंधन के पर्व के मूल मर्म को समझकर इसके संदेशों व सद्गुणों को अपने जीवन में स्थापित करना है।

अपने अंदर की कमजोरियों को समाप्त करना है तथा श्रेष्ठ चरित्र को कायम रखना है। सप्ताह के प्रथम दिन बी. के. रजनी व मीना ने ने अंध व मूक बधिर विद्यालय में बच्चों व उनकी सेवा करने वाले कार्मिकों के भाल पर कुमकुम का तिलक कर, मुंह मीठा करवाया। कलाई पर ज्योति स्वरूप राखी बांधी तथा शुभ संकल्प करवाया और अध्यात्मिक संदेश सुनाया।


**बीकानेर में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से रक्षा सूत्र बांध कर रक्षा बंधन सप्ताह की शुरूआत की।**